PLANET NEWS INDIA

Follow us on:/



निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)

01

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ, रविवार, 28 जून 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## अस्पताल से लौट रहे थे मां-बेटे, सड़क हादसे में मौत

## एक घंटे बाद उसी अस्पताल पहुंचे दोनों के शव




हादसे के बाद राहगीरों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लेकर वाहन जब्त कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

अलीगढ़ में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां पलभर में उजाड़ दीं। सरोज देवी अपने बेटे अभिषेक के साथ दीनदयाल अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार अरुण का हालचाल लेकर घर लौट रही थीं। रास्ते में तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि मां-बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सबसे दर्दनाक बात यह रही कि हादसे के करीब एक घंटे बाद मां और बेटे के शव उसी दीनदयाल अस्पताल लाए गए, जहां वे कुछ देर पहले अपने रिश्तेदार से मिलकर निकले थे। शव देखते ही अस्पताल में मौजूद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। 19 वर्षीय अभिषेक अपनी तीन बहनों का इकलौता भाई था और परिवार पहले ही एक बेटे को खो चुका था, जिससे यह हादसा पूरे परिवार के लिए असहनीय बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज रफ्तार कार ने पहले दो बाइकों को टक्कर मारी और फिर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई।

## राम मंदिर में चढ़ावा चोरी

### सभी आठ आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी, अब तक 79 लाख बरामद; टिन्नू यादव के घर पुलिस





राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की जांच में पुलिस ने सुबह-सुबह सभी आठ आरोपियों के घर छापेमारी की। घरवालों और पड़ोसियों से पूछताछ जारी है। राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के सभी आठ आरोपियों के घर रविवार को सुबह पुलिस ने एक साथ दबिश दी। टीमें एक साथ सभी के घर पहुंची। घरवालों से पूछताछ शुरू की। साथ ही पड़ोसियों से बातचीत करके जानकारी जुटाई। पुलिस टीम अनुकल्प मिश्रा, अवनीश शुक्ला, मनीष यादव, टिन्नू यादव समेत अन्य आरोपियों के आवासों पर पहुंची। घरों की तलाशी लेने के साथ मौजूद परिजनों के बयान दर्ज किए। जांच के दौरान स्थानीय लोगों को भी अपने बयान और साक्ष्य पुलिस के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के घरों के प्रवेश द्वार पर पुलिस बल तैनात रहा, ताकि जांच में किसी प्रकार का व्यवधान न हो और अनधिकृत लोगों का प्रवेश रोका जा सके। इस मामले में बृहस्पतिवार को एफआईआर दर्ज किया गया था। जबकि, शुक्रवार को सभी आठ आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था। अब पुलिस साक्ष्य जुटाने और मामले की विवेचना को आगे बढ़ाने में जुटी है। बताते चलें कि बीती छह जून को राम मंदिर की चढ़ावा धनराशि में से चोरी का मामला सामने आया था। बाद में मंदिर ट्रस्ट की सिफारिश पर प्रदेश सरकार ने एसआईटी गठित की।

दो दिन पहले एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी। इसके बाद बृहस्पतिवार की शाम को मंदिर ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन ने गणना में शामिल कर्मियों अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडेय और रमाशंकर मिश्रा व पर्यवेक्षणीय कर्मी सुभाष श्रीवास्तव व महासचिव चंपत राय के चालक रामशंकर उर्फ टिन्नू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

**कर्मियों ने चढ़ावा धनराशि की चोरी की**

रामजन्मभूमि थाने में दर्ज एफआईआर में कृष्ण मोहन ने बताया कि मंदिर में चढ़ावा धनराशि के गबन/चोरी के संबंध में एसआईटी गठित की गई थी। एसआईटी रिपोर्ट से यह तथ्य प्रकाश में आया है कि गणना प्रक्रिया में सेवारत कुछ कर्मियों ने भेंट/चढ़ावा धनराशि की चोरी की है। पर्यवेक्षणीय कार्य में लगे सुभाष श्रीवास्तव और बैंक पर्यवेक्षणीय कर्मी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू की भूमिका भी प्रथम दृष्टया है। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## हिमाचल में बड़ा हादसा: चंबा के चुराह में खाई में गिरी ऑल्टो कार

## चार की दर्दनाक मौत; छिटक कर दूर गिरे शव



पुलिस टीम दुर्घटना के कारणों की गहन जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई जारी है। यह दर्दनाक हादसा जिला चंबा के चुराह उपमंडल में नकरोड़-हिमगिरि डैम साइड सड़क पर हुआ। ऑल्टो के10 कार (एचपी44ए-0494) अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी थी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके परखच्चे उड़ गए। कार सवार शादी समारोह से लौट रहे थे। पुलिस, अग्निशमन और ग्रामीणों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद एसएचओ तीसा के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर भेजी गई है। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचकर शवों को निकालने और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने का कार्य कर रही है। दुर्घटना के बाद क्षेत्र में मातम का माहौल है।

हिमाचल में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। चंबा के चुराह में एक ऑल्टो कार खाई में गिर गई। कार सवार चारों लोगों की मौत हो गई। कार सवार शादी समारोह से लौट रहे थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के चुराह उपमंडल में शनिवार मध्य रात्रि एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। नकरोड़-हिमगिरि डैम साइड सड़क पर एक ऑल्टो के10 कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस भीषण दुर्घटना में मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। एचपी44ए-0494 नंबर की यह कार बैरासियूल नदी में जा गिरी। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और वह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार लोगों के शव आसपास छिटक गए थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वाहन में सवार सभी लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले चार लोगों की पहचान हो गई है। प्रशासन ने मृतकों की सूची जारी कर दी है।

- मृतकों की सूची इस प्रकार है—शुकरदीन (52) पुत्र शक मोहम्मद, निवासी गांव करमुंड, डाकघर टिकरीगढ़, तहसील चुराह, जिला चंबा।
- सलमान (25) पुत्र ताज मोहम्मद, निवासी गांव करमुंड, डाकघर टिकरीगढ़, तहसील चुराह, जिला चंबा।
- ताशी उर्फ बिट्टू (41) पुत्र किशन चंद, निवासी गांव करमुंड, डाकघर टिकरीगढ़, तहसील चुराह, जिला चंबा।

संजू (22) पुत्र खेम राज, निवासी गांव करमुंड, डाकघर टिकरीगढ़, तहसील चुराह, जिला चंबा।

प्रशासन और पुलिस ने हादसे के बाद आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और मदद का प्रयास किया। उन्होंने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया। पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी ने इस दुखद घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि एसएचओ तीसा की अगुवाई में पुलिस टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है।

## Aligarh News: बेसमेंट पार्किंग पर कब्जा कर बना दिए जिम और स्विमिंग पूल



शहर की दो प्रमुख सोसाइटियों, लाविस्टा हाइट्स और गैलेक्सी टावर, में बिल्डरों की मनमानी से निवासी आक्रोशित हैं। निवासियों ने बिल्डरों पर अवैध निर्माण और मूलभूत सुविधाओं की कमी का आरोप लगाया है। उन्होंने अलीगढ़ विकास प्राधिकरण (एडीए) और यूपी रेरा से शिकायत की है। लाविस्टा हाइट्स के निवासियों का आरोप है कि बिल्डर वीपी इन्फ्राटेक ने बिना ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट के नियमों का उल्लंघन किया है। बिल्डर ने बेसमेंट पार्किंग पर कब्जा कर जिम और स्विमिंग पूल बना दिया है। टावर की छत और गैलरी जैसी साझा जगहों पर भी अवैध निर्माण किया गया है। इससे वाहन खड़े करने की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। एक नई बिल्डिंग बिना फायर एनओसी और स्ट्रक्चरल सेफ्टी सर्टिफिकेट के बन रही है। निवासियों को पजेशन लेटर और अन्य कानूनी दस्तावेज भी नहीं दिए गए हैं। बिल्डर ने एक अवैध रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का गठन कर मेंटेनेंस भी वसूला है। शिकायतकर्ता सुधा चौधरी समेत कई लोगों ने एडीए और रेरा को पत्र भेजा है। एडीए का

**नोटिस और निवासियों की चेतावनी**

एडीए ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत के बाद बिल्डर को 13 जून 2026 तक का नोटिस दिया था। निवासियों का कहना है कि नोटिस के बावजूद अवैध निर्माण जारी है और कोई कार्रवाई नहीं हुई। चंद्रशेखर शर्मा और अन्य निवासियों ने बिल्डर को 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि अवैध निर्माण नहीं रुका तो वे रेरा कोर्ट और उपभोक्ता फोरम जाएंगे। बिल्डर विक्रम सिंह ने आरोपों को निराधार बताया है।

**गैलेक्सी टावर में भी समस्याएं**

रामघाट सड़क स्थित गैलेक्सी टावर अपार्टमेंट के निवासियों ने भी बिल्डर की लापरवाही पर रोष जताया है। उनका आरोप है कि कैंपस में अवैध निर्माण हो रहा है और कंप्लीशन सर्टिफिकेट नहीं मिला है। दो में से एक लिफ्ट मानकविहीन है और फायर सेफ्टी के इंतजाम भी गायब हैं। संदीप अग्रवाल और अन्य निवासियों ने कानूनी व लोकतांत्रिक आंदोलन की चेतावनी दी है। एडीए उपाध्यक्ष कुलदीप मीणा ने लाविस्टा सोसाइटी मामले की जांच की बात कही है।

## हरदुआगंज में भीषण सड़क हादसा

## कार-बाइक की टक्कर में तीन की मौत, एक घायल



अलीगढ़ के हरदुआगंज क्षेत्र में रामघाट रोड पर शनिवार को कार और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। घायल का उपचार जारी है और उसकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन और कार चालक को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी अभिषेक कुमार पटेल ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## Ketan Murder Case:'जन्मदिन का बहाना

### किले की सैर और मौत का जाल'; केतन हत्याकांड की FIR में क्या खुलासे हुए?



Ketan Agarwal Murder Case FIR: पुणे के कारोबारी केतन अग्रवाल की मौत के मामले में दर्ज एफआईआर में कई सनसनीखेज दावे किए गए हैं। केतन के परिवार ने आरोप लगाया है कि उसकी मंगेतर सिया गोयल और उसके कथित प्रेमी चेतन चौधरी ने मिलकर हत्या की साजिश रची। परिवार का दावा है कि लोहागढ़ किले से गिरना दुर्घटना नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या थी। पुलिस ने जांच तेज कर दी है और कई लोगों से पूछताछ की जा रही है। आइए, विस्तार से जानते हैं कि मामले में अब और क्या-क्या खुलासे हुए हैं। महाराष्ट्र के पुणे में कारोबारी केतन अग्रवाल की मौत के मामले लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। अब मामले में एफआईआर दर्ज हो गई है। केतन के पिता द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर में कई ऐसे आरोप लगाए गए हैं, जिन्होंने पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया है। एफआईआर के मुताबिक, मंगेतर सिया गोयल और उसके कथित प्रेमी चेतन चौधरी पर केतन की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

**क्या जन्मदिन का बहाना बनाकर केतन को लोहागढ़ ले जाया गया?**

एफआईआर के मुताबिक, 17 जून की रात सिया ने व्हाट्सऐप कॉल कर अपने जन्मदिन का हवाला देते हुए केतन को अगले दिन घूमने चलने के लिए कहा। शुरुआत में केतन की मां राखी अग्रवाल ने इसकी अनुमति नहीं दी थी। इसके बाद सिया ने खुद उनसे बात की और उन्हें मना लिया। 18 जून की सुबह केतन घर से निकला और पुणे-मुंबई हाईवे पर किवाले पुल के पास से सिया को साथ लेकर लोहागढ़ किले पहुंचा। सुबह करीब 10:45 बजे सिया ने केतन की मां को फोन कर बताया कि केतन खाई में गिर गया है। पुलिस और स्थानीय लोगों ने केतन को खाई से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**परिवार को दुर्घटना पर शक क्यों हुआ?**

घटना के तीन दिन बाद, 21 जून को केतन के पिता और परिवार के अन्य सदस्य उस स्थान पर पहुंचे, जहां से केतन गिरा था। परिवार के साथ उसके दोस्त नवदीप जिंदल और तरुण मित्तल भी मौजूद थे। एफआईआर के अनुसार, घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद परिवार ने निष्कर्ष निकाला कि वहां से किसी का गलती से फिसलकर गिरना बेहद मुश्किल है। इसी दौरान परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि सिया का फोन अक्सर व्यस्त रहता था और वह बार-बार चेतन चौधरी नाम के व्यक्ति का जिक्र करती थी। इससे परिवार को दोनों के बीच प्रेम संबंध होने का शक हुआ।

**क्या एफआईआर में सिया गोयल के व्यवहार पर गंभीर आरोप लगाए?**

केतन अग्रवाल के पिता विशाल देवीचंद अग्रवाल ने 23 जून को पुलिस में दर्ज कराई गई एफआईआर में दावा किया है कि सिया गोयल पिछले कुछ समय से असामान्य व्यवहार कर रही थी। परिवार के अनुसार, सिया छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करती थी और अक्सर केतन से झगड़ा करती थी। एफआईआर में यह भी कहा गया है कि 4 जून को लोहागढ़ किले की यात्रा रद्द होने के बाद सिया काफी नाराज हो गई थी और लगातार वहां जाने की जिद कर रही थी। परिवार का आरोप है कि सिया ने इसी यात्रा को लेकर केतन पर दबाव बनाया था।

# ठिकानों पर छापेमारी, अब तक 79 लाख बरामद;

## धक्का देने का आरोप; कार्यशैली पर पहले भी उठे सवाल

जालौन में एसडीएम रिंकू सिंह फिर विवादों में घिर गए हैं। एसडीएम पर थप्पड़ मारने के प्रयास और धक्का देने का आरोप लगा है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। ब्लॉक प्रमुख का दावा है कि पूरी घटना कोल्ड स्टोरेज परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई है।आईएएस सेवा से इस्तीफा देकर सुर्खियों में आए एसडीएम रिंकू सिंह राही एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। भिटारा स्थित बेतवा आइस एंड कोल्ड स्टोरेज के निरीक्षण के दौरान उन पर ब्लॉक प्रमुख ने अभद्र व्यवहार, थप्पड़ मारने के प्रयास और धक्का देने का आरोप लगाया गया है। मामले की शिकायत मिलने के बाद जिलाधिकारी ने जांच के आदेश देते हुए एडीएम (वित्त एवं राजस्व) राजीव राय को जांच सौंप दी है।ब्लॉक प्रमुख का आरोप है कि ढाई मिनट में अभिलेख प्रस्तुत न होने पर एसडीएम ने अमर्यादित व्यवहार किया और थप्पड़ मारने का प्रयास किया। जब वह इसमें सफल नहीं हुए तो धक्का देकर अपमानित किया। उन्होंने दावा किया कि पूरी घटना कोल्ड स्टोरेज परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई है।




ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार 23 जून को एसडीएम रिंकू सिंह राही मुख्य अग्निशमन अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, नलकूप विभाग और उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ बेतवा आइस एंड कोल्ड स्टोरेज के निरीक्षण पर पहुंचे थे। आरोप है कि निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी अभिलेख मात्र ढाई मिनट में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने अधिकारियों से कार्यालय में बैठकर अभिलेख देखने का अनुरोध किया था तथा आश्वासन दिया था कि जो भी कमियां होंगी उनका तत्काल निराकरण कराया जाएगा। इसके बावजूद एसडीएम ने निर्धारित समय का हवाला देते हुए नाराजगी जताई।

# राम मंदिर में चढ़ावा चोरी: सभी आठ आरोपियों

## ठिकानों पर छापेमारी, अब तक 79 लाख बरामद;

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की जांच में पुलिस ने सुबह-सुबह सभी आठ आरोपियों के घर छापेमारी की। घरवालों और पड़ोसियों से पूछताछ जारी है। आगे पढ़ें पूरी खबर..राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के सभी आठ आरोपियों के घर रविवार को सुबह पुलिस ने एक साथ दबिश दी। टीमें एक साथ सभी के घर पहुंची। घरवालों से पूछताछ शुरू की। साथ ही पड़ोसियों से बातचीत करके जानकारी जुटाई। पुलिस टीम अनुकल्प मिश्रा, अवनीश शुक्ला, मनीष यादव, टिन्नू यादव समेत अन्य आरोपियों के आवासों पर पहुंची। घरों की तलाशी लेने के साथ मौजूद परिजनों के बयान दर्ज किए।जांच के दौरान स्थानीय लोगों को भी अपने बयान और साक्ष्य पुलिस के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के घरों के प्रवेश द्वार पर पुलिस बल तैनात रहा, ताकि जांच में किसी प्रकार का व्यवधान न हो और अनधिकृत लोगों का प्रवेश रोका जा सके। इस मामले में बृहस्पतिवार को एफआईआर दर्ज किया गया था। जबकि, शुक्रवार को सभी आठ आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था। अब पुलिस साक्ष्य जुटाने और मामले की विवेचना को आगे बढ़ाने में जुटी है। रामजन्मभूमि थाने में दर्ज एफआईआर में कृष्ण मोहन ने बताया था कि मंदिर में चढ़ावा धनराशि के गबन/चोरी के संबंध में एसआईटी गठित की गई थी। एसआईटी रिपोर्ट से यह तथ्य प्रकाश में आया है कि गणना प्रक्रिया में सेवारत कुछ कर्मियों ने भेंट/चढ़ावा धनराशि की चोरी की है।पर्यवेक्षणीय कार्य में लगे सुभाष श्रीवास्तव और बैंक पर्यवेक्षणीय कर्मी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू की भूमिका भी प्रथम दृष्ट्या है। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है।ताकि जांच में किसी प्रकार का व्यवधान न हो और अनधिकृत लोगों का प्रवेश रोका जा सके।



बताते चलें कि बीती छह जून को राम मंदिर की चढ़ावा धनराशि में से चोरी का मामला सामने आया था। बाद में मंदिर ट्रस्ट की सिफारिश पर प्रदेश सरकार ने एसआईटी गठित की। दो दिन पहले एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी। इसके बाद बृहस्पतिवार की शाम को मंदिर ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन ने गणना में शामिल कर्मियों अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडेय और रमाशंकर मिश्रा व पर्यवेक्षणीय कर्मी सुभाष श्रीवास्तव व महासचिव चंपत राय के चालक रामशंकर उर्फ टिन्नू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी।



# मौत का 'अंतिम मिलन': एक ही पेड़ पर लटके मिले प्रेमी युगल के शव, एक ही जाति के थे, पास-पास ही थे घर, जांच जारी




**Hardoi Suicide Case:** हरियावां क्षेत्र में एक प्रेमी युगल के शव पेड़ पर लटके मिले। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हरदोई जिले में हरियावां थाना क्षेत्र के बेला गांव में रविवार सुबह फिर प्रेमी युगल द्वारा आत्महत्या करने की घटना सामने आई है। गांव के पास स्थित एक पेड़ पर युवक और किशोरी के शव एक साथ फंदे से लटके मिले। शवों को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।पुलिस की प्राथमिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक युवक और किशोरी गांव के ही रहने वाले थे और उनके घर भी आसपास ही थे। दोनों एक ही जाति के थे और काफी समय से एक-दूसरे को जानते थे। रविवार सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर निकले, तो उन्होंने पेड़ पर दोनों के शव लटके देखे। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिससे गांव में कोहराम मच गया। पुलिस की जांच जारी घटना की सूचना पाकर हरियावां थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची।पुलिस ने दोनों शवों को पेड़ से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह प्रेम प्रसंग में खुदकुशी का मामला लग रहा है, लेकिन हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है। परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।




# जुबानी जंग, वायरल बवाल': MP बोलीं

## बेइज्जती करना आता है, MLA बोले- तमीज से बात करिए




Banda MP-MLA Political Clash News: बांदा सपा कार्यालय में जयंती कार्यक्रम के दौरान सांसद कृष्णा देवी और विधायक विशंभर यादव के बीच मंच पर तीखी बहस हो गई। सांसद ने अपमान का आरोप लगाया, जबकि विधायक ने उन्हें तमीज में रहने की नसीहत दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। बांदा जिले में बिजलीखेड़ा स्थित सपा कार्यालय में शुक्रवार को छत्रपति साहूजी महाराज की जयंती पर कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान सांसद कृष्णा देवी और विधायक विशंभर यादव के बीच जुबानी जंग हो गई। इसके कई वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं।हालांकि, संवाद न्यूज एजेंसी इसकी पुष्टि नहीं करता। कार्यक्रम के दौरान विधायक अपने वक्तव्य में सांसद का विरोध कर रहे थे। यह सुनकर सांसद भड़क गईं। वायरल वीडियो में वह कह रहीं हैं कि आपको सिर्फ बेइज्जती करना आता है। हम अखिलेश भैया से भी कह चुके हैं कि हमारे साथ जो हो रहा है।वह विधायक कर रहे हैं और कोई नहीं कर रहा। इस पर सपा विधायक भी नाराज हो गए। उन्होंने उंगली दिखाते हुए कहा कि सुनिए, तमीज से बात करिए। बदतमीजी मत करिए। मैंने आपका नाम नहीं लिया है। इसके बाद दोनों नेताओं में कहासुनी हो गई।

सपा कार्यकर्ताओं ने किसी तरह विधायक और सांसद को समझाया। करीब 20 मिनट तक गहमागहमी का माहौल रहा। इस दौरान समर्थक भी एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते नजर आए। वीडियो में कुछ सपाई कह रहे हैं कि सांसद आरएसएस के खिलाफ नहीं बोलती हैं। विधानसभा बबेरू से सांसद कृष्णा पटेल के पति शिवशंकर सिंह पटेल भाजपा की टिकट से विशंभर यादव के खिलाफ चुनाव लड़े थे। इसके बाद से दोनों में तनातनी बनी हुई है। गुटबाजी के चलते दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच तनातनी भी बनी रहती है।भाजपा चंदा चोरी के मुद्दे से भटकाने के लिए पार्टी के कार्यक्रम का वीडियो बनाकर वायरल करवा रही है। दोनों में किसी तरह का विवाद नहीं था। जिसने भी वीडियो वायरल किया उसकी रिपोर्ट सपा मुख्यालय भेजी जाएगी।

# पीलीभीत में मुठभेड़: एक लाख रुपये का इनामीशूटर सरबजीत ढेर, दरोगा और सिपाही घायल

पीलीभीत में कपड़ा व्यापारी पप्पू गुप्ता की हत्या के मामले में वांछित आरोपी सरबजीत सिंह पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। बिलसंडा थाना क्षेत्र में पुलिस ने शनिवार देर रात यह कार्रवाई की।पीलीभीत में कपड़ा व्यापारी पप्पू गुप्ता हत्याकांड में एक लाख रुपये के इनामी मुख्य शूटर सरबजीत सिंह को शनिवार देर रात पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। लखीमपुर खीरी के उचौलिया थाना क्षेत्र का निवासी सरबजीत पिछले करीब एक महीने से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। उसकी तलाश में पीलीभीत पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही थीं। पुलिस ने उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।शनिवार देर रात बिलसंडा थाना क्षेत्र के शीतलपुर गांव के समीप हुई मुठभेड़ में सरबजीत सिंह पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। मुठभेड़ के दौरान बिलसंडा थानाध्यक्ष जगदीप मलिक की बुलेटप्रूफ जैकेट में गोली जा धंसी, जबकि एसओजी के एक दरोगा और सिपाही गोली लगने से घायल हो गए। एसपी सुकीर्ति माधव ने इस मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आरोपी को डॉक्टर ने अस्पताल में मृत्यु घोषित कर दिया है।28 मई को बिलसंडा कस्बे में व्यापारी पंकज कटियार को धमकाने के उद्देश्य से किराए के शूटर बुलाए गए थे। दुकान के बाहर विवाद के दौरान पड़ोसी व्यापारी पप्पू गुप्ता बीच-बचाव करने पहुंचे थे। इसी दौरान बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी थीं। गंभीर रूप से घायल पप्पू गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई थी। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से पूरे जिले में सनसनी फैल गई थी और व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया था। पुलिस इस हत्याकांड में अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जांच में सामने आया था कि वारदात की साजिश पहले से रची गई थी और इसके लिए बाहर से शूटर बुलाए गए थे। मुख्य शूटर सरबजीत सिंह लगातार फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।



थाने से कुछ ही दूरी पर हुई इस वारदात के बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठे थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक चौकी प्रभारी और दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया था। बाद में तत्कालीन बिलसंडा थानाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा को भी लाइन हाजिर कर दिया गया था। इसके साथ ही हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई विशेष टीमें गठित की गई थीं।

पुलिस के अनुसार, देर रात सूचना मिली थी कि पप्पू गुप्ता हत्याकांड का मुख्य आरोपी सरबजीत सिंह अपने एक साथी के साथ शीतलपुर गांव के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही बिलसंडा थाना पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त अभियान चलाते हुए इलाके की घेराबंदी कर दी। पुलिस टीम को देखते ही बदमाशों ने भागने का प्रयास किया और खुद को घिरता देख पुलिस पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।अचानक हुई फायरिंग से पुलिस टीम ने सुरक्षित मोर्चा संभालते हुए आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। इसी दौरान चली गोली सरबजीत सिंह के सीने में लगी और वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तत्काल कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई फायरिंग से पुलिस टीम ने सुरक्षित मोर्चा संभालते हुए आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। इसी दौरान चली गोली सरबजीत सिंह के सीने में लगी और वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तत्काल कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में घायल एसओजी के दरोगा और सिपाही को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मौके से हथियार, कारतूस और अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि फरार दूसरे आरोपी की तलाश में आसपास के क्षेत्रों में सघन कांबिंग अभियान चलाया जा रहा है। मुठभेड़ के दौरान बिलसंडा थानाध्यक्ष जगदीप मलिक की बुलेटप्रूफ जैकेट में गोली जा धंसी, जबकि एसओजी के एक दरोगा

## Uttarakhand News: कर्णप्रयाग केस में 4 निहंगों को जमानत
## बाहर आकर पांवटा साहिब गुरुद्वारे में की अरदास



उत्तराखंड के कर्णप्रयाग में 16 जून को हुए बहुचर्चित विवाद के मामले में गिरफ्तार किए गए चारों निहंग सिखों को अदालत से बड़ी राहत मिली है। गोपेश्वर जिला न्यायालय ने सभी आरोपियों की जमानत याचिका स्वीकार कर ली है। इनमें से तीन निहंग न्यायिक हिरासत में जेल में बंद थे, जबकि एक गंभीर रूप से घायल होने के कारण ऋषिकेश एम्स में भर्ती था। अदालत के आदेश के बाद सभी को नियमानुसार रिहा कर दिया गया। हालांकि, जमानत मिलने का मतलब मामले का अंत नहीं है। पुलिस जांच और न्यायिक प्रक्रिया पहले की तरह जारी रहेगी तथा अंतिम फैसला अदालत में सुनवाई के बाद ही होगा। रिहाई के बाद चारों निहंग सबसे पहले हिमाचल प्रदेश स्थित ऐतिहासिक पांवटा साहिब गुरुद्वारे पहुंचे, जहां उन्होंने अरदास कर गुरु का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनके समर्थक और समुदाय के लोग भी मौजूद रहे। निहंग समुदाय ने अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और वे आगे भी कानून का सम्मान करेंगे। साथ ही सभी पक्षों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की गई। जानकारी के अनुसार, 16 जून को कर्णप्रयाग में वाहन पार्किंग को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद कुछ ही देर में हिंसक झड़प में बदल गया था।

दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद हालात बिगड़ गए, जिसके चलते पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चारों निहंगों को गिरफ्तार किया था। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया था और एहतियात के तौर पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। मामले के तूल पकड़ने के बाद प्रशासन और समुदाय के प्रतिनिधियों के बीच कई दौर की बातचीत भी हुई। अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की थी। अब जमानत मिलने के बाद क्षेत्र में हालात सामान्य होने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस सतर्क है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मामले की विवेचना जारी है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। यदि जांच में नए तथ्य सामने आते हैं तो उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अदालत में सुनवाई के बाद ही इस पूरे मामले पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

## Aaj Ka Mausam: UP का Monsoon Update
## इन राज्यों में भी Alert जारी! IMD Weather Forecast | Storm

देशभर में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। एक तरफ उत्तर-पश्चिम भारत में तापमान बढ़ने का अनुमान है, तो दूसरी ओर पूर्वी, पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत के कई राज्यों में भारी बारिश और आंधी-तूफान का दौर जारी है। अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ ने तबाही मचा दी है, जबकि झारखंड और ओडिशा में आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की जान चली गई। मौसम विभाग ने कई राज्यों के लिए चेतावनी जारी करते हुए लोगों और किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक 28 जून तक उत्तर-पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। इन इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। वहीं पूर्वी राजस्थान में हवा की रफ्तार 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है, जिससे पेड़ गिरने और स्थानीय स्तर पर जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है। पूर्वी और मध्य भारत में भी मौसम पूरी तरह सक्रिय बना हुआ है। बिहार, झारखंड, ओडिशा, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में गरज-चमक के साथ बारिश का पूर्वानुमान है। वहीं छत्तीसगढ़, तेलंगाना, केरल, लक्षद्वीप और पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला और आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी और रुक-रुक कर बारिश हुई। मशोबरा में सबसे ज्यादा 35 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग ने राज्य में अगले छह दिनों तक बारिश जारी रहने और 1 तथा 2 जुलाई को भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है।



मानसून भी लगातार आगे बढ़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा अरब सागर से सूरत, इंदौर, मंडला, डाल्टनगंज और मोतिहारी तक पहुंच चुकी है। अगले तीन से चार दिनों में गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कई अन्य इलाकों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। इससे खरीफ फसलों की बुवाई में तेजी आने और भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। बारिश के बीच कई राज्यों से दुखद घटनाएं भी सामने आई हैं। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में फुटबॉल खेल रहे दो युवकों की बिजली गिरने से मौत हो गई। वहीं ओडिशा के बौध जिले में बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े दो नाबालिग लड़के आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए और उनकी जान चली गई। उधर, अरुणाचल प्रदेश के केयी पान्योर जिले में अचानक आई बाढ़ के बाद राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है। बाढ़ में एक महिला की मौत हो चुकी है, जबकि चार लोग अब भी लापता हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, जिला पुलिस और स्थानीय स्वयंसेवक संयुक्त रूप से खोज अभियान चला रहे हैं। बाढ़ के कारण जिले का संपर्क राज्य के अन्य हिस्सों से फिलहाल कटा हुआ है। मौसम विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि संभावित बारिश वाले क्षेत्रों में खेतों से पानी निकासी की व्यवस्था रखें, पकी फसलों की कटाई जल्द पूरी करें और फिलहाल उर्वरक व कीटनाशकों का छिड़काव टाल दें। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहें तथा स्थानीय प्रशासन और मौसम विभाग की चेतावनियों का पालन करें।

## हिंद महासागर में मजबूत होगी पकड़
### चीन को जवाब देने की तैयारी, सेशेल्स के साथ सामरिक रिश्ते मजबूत करेगा भारत



प्रधानमंत्री ने सेशेल्स रवाना होने पहले अपने बयान में कहा भी कि उनकी यात्रा भारत-सेशेल्स के लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को और गहरा करेगी। इससे हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग को बढ़ावा मिलेगा और सुरक्षित, शांतिपूर्ण तथा समृद्ध हिंद महासागर क्षेत्र के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन दिवसीय सेशेल्स यात्रा सिर्फ एक द्विपक्षीय दौरा भर नहीं है, बल्कि हिंद महासागर में भारत की रणनीतिक प्राथमिकताओं का अहम हिस्सा है। करीब 11 वर्ष बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की सेशेल्स यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब हिंद महासागर वैश्विक रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का प्रमुख केंद्र बन चुका है। भारत भी हिंद महासागर में चीन की बढ़ती सक्रियता के बीच ऐसे साझेदार देशों के साथ अपने संबंध मजबूत कर रहा है, जिनकी समुद्री स्थिति रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। सुरक्षित, शांतिपूर्ण तथा समृद्ध हिंद महासागर क्षेत्र की पैरोकारी करने वाला भारत सैन्य अड्डे स्थापित करने के बजाय साझेदार देशों की क्षमता बढ़ाने और क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा मजबूत करने पर जोर देता रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा हिंद महासागर में भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक सोच और साझेदार देशों के साथ भरोसेमंद संबंध आगे बढ़ाने की एक अहम पहल है। अफ्रीका, पश्चिम एशिया और एशिया को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों के कारण सेशेल्स की सामरिक अहमियत लगातार बढ़ी है। सेशेल्स के 50वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पीएम की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि भारत इस क्षेत्र में सुरक्षा, विकास और भरोसेमंद साझेदारी मजबूत करना चाहता है। प्रधानमंत्री ने सेशेल्स रवाना होने पहले अपने बयान में कहा भी कि उनकी यात्रा भारत-सेशेल्स के लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को और गहरा करेगी। इससे हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग को बढ़ावा मिलेगा और सुरक्षित, शांतिपूर्ण तथा समृद्ध हिंद महासागर क्षेत्र के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। सेशेल्स भले ही छोटा द्वीपीय देश है, लेकिन इसकी भौगोलिक स्थिति इसे हिंद महासागर की समुद्री सुरक्षा में महत्वपूर्ण बनाती है। भारत के महासागर विजन में सेशेल्स प्रमुख साझेदारों में शामिल है।

**भारत-सेशेल्स की दोस्ती स्थिर और मजबूत- मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और सेशेल्स के बीच की दोस्ती को स्थिर, मजबूत और दीर्घकालिक बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच दोस्ती लगातार आगे बढ़ रही और विश्वास जताया कि दोनों देश मिलकर तरक्की की रेस को जीतेंगे। प्रधानमंत्री ने यह बात सेशेल्स के राष्ट्रपति पेट्रिक हर्मिनी की ओर से उनके सम्मान में आयोजित राजकीय रात्रिभोज के दौरान कही।

**भारत यूएन सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता का हकदार- सेशेल्स**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेशेल्स की तीन दिवसीय यात्रा के बीच वहां की सरकार ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का खुलकर समर्थन किया है। सेशेल्स का यह कदम वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती साख और हिंद महासागर में उसकी केंद्रीय भूमिका को स्वीकार्यता देता है। सेशेल्स के विदेश मंत्री बैरी फॉर ने कहा कि वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती भूमिका, विशाल जनसंख्या तथा अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा में उसका महत्वपूर्ण योगदान देखते हुए उसे सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाया जाना चाहिए। फॉर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में समयानुकूल सुधार की आवश्यकता है। वर्तमान में भारत और अफ्रीका जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है, जिसे दूर किया जाना चाहिए।

## Venezuela Earthquake: मलबे के नीचे महिला ने दिया बच्चे को जन्म।

वेनेजुएला इतिहास की सबसे भीषण प्राकृतिक त्रासदियों में से एक का सामना कर रहा है। दो शक्तिशाली भूकंपों ने पूरे देश में ऐसी तबाही मचाई है कि अब तक 920 लोगों की मौत हो चुकी है, 3,360 से ज्यादा लोग घायल हैं और 50 हजार से अधिक लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है, लेकिन मलबे के नीचे सैकड़ों लोगों के फंसे होने की आशंका बनी हुई है। इसी तबाही के बीच मलबे में दबी एक गर्भवती महिला ने बच्चे को जन्म देकर पूरी दुनिया को उम्मीद और हौसले का संदेश दिया है। वहीं भारत भी संकट की इस घड़ी में मदद के लिए आगे आया है। वेनेजुएला में आए दो भीषण भूकंपों ने शहरों को मलबे में बदल दिया है। सैकड़ों इमारतें धराशायी हो चुकी हैं और हजारों परिवार बेघर हो गए हैं। राहत एजेंसियां लगातार मलबा हटाकर जीवित लोगों की तलाश में जुटी हैं, लेकिन समय बीतने के साथ चुनौतियां भी बढ़ती जा रही हैं। मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है और बड़ी संख्या में लोग अब भी लापता हैं। अस्पतालों पर भारी दबाव है और प्रभावित इलाकों में भोजन, पानी और दवाइयों की कमी महसूस की जा रही है।




इस भीषण तबाही के बीच राजधानी काराकस से एक ऐसी घटना सामने आई जिसने हर किसी की आंखें नम कर दीं। मलबे में फंसी एक गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। जब राहतकर्मी उसके पास पहुंचे तो हालात बेहद चुनौतीपूर्ण थे। मेडिकल टीम ने मौके पर ही आवश्यक इंतजाम किए और मलबे के नीचे ही सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। राहत की बात यह रही कि मां और नवजात दोनों सुरक्षित हैं और अस्पताल में उनका इलाज जारी है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग महिला के साहस तथा बचाव दल की तत्परता की जमकर सराहना कर रहे हैं।मानवीय संकट के इस दौर में भारत ने भी वेनेजुएला की मदद के लिए तेजी से कदम बढ़ाया है। 'ऑपरेशन अमिस्ताद' के तहत भारतीय वायुसेना के दो विमानों से 41 सदस्यीय मेडिकल टीम को राहत कार्यों के लिए रवाना किया गया है। विदेश मंत्रालय ने इस दल के साथ करीब छह टन चिकित्सा सामग्री और अन्य मानवीय राहत सामग्री भी भेजी है।

गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरफोर्स स्टेशन से रवाना हुई यह टीम प्रभावित इलाकों में घायलों का इलाज करेगी और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर राहत अभियान में सहयोग देगी।भारत ने अपनी अत्याधुनिक आपदा राहत प्रणाली 'भीष्म क्यूब' भी वेनेजुएला भेजी है। इस पोर्टेबल चिकित्सा प्रणाली की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे बेहद कम समय में स्थापित किया जा सकता है और यह लगभग 200 मरीजों को तत्काल उपचार एवं जीवनरक्षक सुविधाएं उपलब्ध कराने में सक्षम है। प्राकृतिक आपदाओं और बड़े मानवीय संकटों के दौरान त्वरित चिकित्सा सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित यह प्रणाली भारत की आधुनिक आपदा प्रबंधन क्षमता का महत्वपूर्ण उदाहरण मानी जाती है। ऑपरेशन अमिस्ताद' केवल राहत अभियान नहीं, बल्कि वैश्विक मानवता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना के साथ भारत ने एक बार फिर दुनिया को संदेश दिया है कि संकट की घड़ी में वह हर जरूरतमंद देश के साथ खड़ा है। उम्मीद है कि भारतीय मेडिकल टीम, राहत सामग्री और भीष्म क्यूब हजारों प्रभावित लोगों के लिए नई उम्मीद लेकर आएंगे और वेनेजुएला के पुनर्वास प्रयासों को मजबूती देंगे।

## Mann Ki Baat: 'समुद्र से लेकर आकाश तक हमारा भारत सुरक्षित और आत्मनिर्भर', योग पर क्या बोले पीएम मोदी?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात के 135वें एपिसोड के जरिए देशवासियों को संबोधित कर रहे हैं। यह कार्यक्रम आकाशवाणी, दूरदर्शन, और विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो रहा है। मन की बात प्रधानमंत्री और जनता के बीच सीधा संवाद का माध्यम बन चुका है।आइए, विस्तार से जानते हैं पीएम मोदी किन-किन मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं....
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड के जरिए एक बार फिर देश और दुनिया भर में बसे भारतीयों से संवाद कर रहे हैं। सुबह 11 बजे प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में खास उत्साह है। 'मन की बात' पिछले कई वर्षों से प्रधानमंत्री और आम जनता के बीच सीधे संवाद का एक अहम माध्यम बन चुका है। कौन सी उपलब्धियों ने हर देशवासी को किया गौरवान्वित? पीएम मोदी ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि इस महीने भारत ने कई ऐसी उपलब्धियां हासिल की हैं, जिन पर हर देशवासी को गर्व है। हाल ही में मुझे कोलकाता में नौसेना से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। वहां आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय को भारतीय नौ-सेना के बेड़े में शामिल किया गया। इन जहाजों की डिजाइन और उत्पादन तक,सब कुछ स्वदेशी है। पीएम मोदी ने आगे कहा जून के महीने में ही एविएशन में भी देश ने एक बड़ी सफलता पाई। सी-295, ये विमान मेड इन इंडिया है और सी-295 विमान ने अपनी पहली उड़ान पूरी की है, और ऐसे 40 विमान, भारत में ही बनाए जा रहे हैं। इससे एमएसएमई और एयरोस्पेस सेक्टर को नई शक्ति मिल रही है। रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं।




उन्होंने कहा कि ये सफलताएं देश की आत्मनिर्भर भारत की यात्रा को और मजबूत करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत लगातार विभिन्न क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और देश के नागरिकों की मेहनत तथा नवाचार इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि देश की उपलब्धियां केवल सरकार की नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं, जो भारत को तेजी से विकास की नई दिशा में आगे बढ़ा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ने एक बार फिर पूरी दुनिया को जोड़ने का काम किया है। उन्होंने बताया कि इस बार दुनिया के 2500 से अधिक स्थानों पर योग के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जबकि भारत में करोड़ों लोगों ने योग कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। पीएम मोदी ने अहमदाबाद में आयोजित विश्व योगासन चैंपियनशिप का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल 114 पदक जीते, जिनमें 102 स्वर्ण पदक शामिल हैं। भारत पदक तालिका में पहले स्थान पर रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के बहादुरपुरा गांव के पेठकर परिवार की सराहना की। पीएम मोदी ने कहा कि इस परिवार ने अपने घर में शादी के अवसर पर खुशियां बांटने का अनोखा फैसला लिया। परिवार ने गांव के करीब साढ़े तीन हजार लोगों के लिए दुर्घटना बीमा की व्यवस्था की।

## 'आज के शोज से अलग 'बिग बॉस' और 'लॉक अप' से 'अलायंस की तुलना होने पर बोले कुणाल खेमू बताया क्यों बने होस्ट



Kunal Khemu: एक्टर कुणाल खेमू इन दिनों प्राइम वीडियो के रियलिटी शो 'अलायंस' को होस्ट करते नजर आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने अपने शो की तुलना 'बिग बॉस' और 'लॉक अप' से किए जाने पर खुलकर बात की। कुणाल खेमू ने कहा कि बिग बॉस ने इंडियन रियलिटी टीवी में अपनी एक अलग पहचान बना ली है और आज हर शो की सफलता को उसी से तुलना करके देखा जाता है। लेकिन उनका मानना है कि 'अलायंस' बाकी शोज से अलग है। उन्होंने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत में कहा, 'आपको सिर्फ अलग दिखने के लिए अलग होने की जरूरत नहीं है। हम एक फॉर्मेट को फॉलो कर रहे हैं और उसे इसलिए चुना गया क्योंकि वह आज के शोज से अलग है।

कुणाल ने यह भी बताया कि आखिर उन्होंने रियलिटी शो में होस्ट के तौर पर डेब्यू करने का फैसला क्यों लिया। उन्होंने कहा, 'मुझे हमेशा यह जानने की उत्सुकता थी कि ये शोज बनते कैसे हैं और इनके पीछे क्या होता है। सामने बैठकर ड्रामा को अनफोल्ड होते देखना कैसा होता होगा? रियलिटी टीवी को लेकर हमेशा एक सवाल रहता है- क्या ये स्क्रिप्टेड होता है या नहीं? कम से कम अब मुझे इसका जवाब मिल जाएगा।' हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि शो का अनस्क्रिप्टेड होना उनके लिए जरूरी नहीं था, और वह खुले दिमाग के साथ इस प्रोजेक्ट में आए।




## 'स्ट्रेंजर थिंग्स' की बॉबी ब्राउन और डेविड हार्बर फिर साथ करेंगे नई सीरीज जानिए निभाएंगे कौन सा किरदार?



Millie Bobby Brown And David Harbour Reunite: 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीरीज में बॉबी ब्राउन और डेविड हार्बर ने पिता और बेटी का किरदार निभाया था। यह दोनों एक्टर्स अब एक बार फिर से साथ नजर आएंगे। एक नई सीरीज में बॉबी ब्राउन और डेविड हार्बर साथ अभिनय करने वाले हैं।

'स्ट्रेंजर थिंग्स' की एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन और एक्टर डेविड हार्बर को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था। इस सीरीज में मिली बॉबी ने 'इलेवन' और डेविड हार्बर ने 'जिम हॉपर' का रोल निभाया था। एक बार फिर से ये दोनों साथ अभिनय करने वाले हैं। एक नई स्पाई ड्रामा सीरीज का हिस्सा बॉबी ब्राउन और एक्टर डेविड हार्बर बन रहे हैं। जानिए, इस नई सीरीज में इनके किरदार क्या होने वाले हैं। 'द हॉलीवुड रिपोर्टर' के मुताबिक यह स्पाई ड्रामा नेटफ्लिक्स पर आएगी। इस सीरीज में डेविड हार्बर, मैट वुल्फ के किरदार में नजर आएंगे, जो एफबीआई के एक पूर्व एजेंट थे और अब सिक्योरिटी कंसल्टेंट बन गए हैं। उन्हें वापस एफबीआई में जाना पड़ जाएगा। वहीं सीरीज में उनकी बेटी रेबेका का किरदार मिली बॉबी ब्राउन निभाएंगी, वह भी एक एफबीआई एजेंट है। पिता और बेटी के रिश्ते अच्छे नहीं हैं। लेकिन अचानक बेटी गायब हो जाती है, इसके बाद पिता को अपने जासूसी के काम पर लौटना पड़ता है।



बता दें की हार्बर और मिली बॉबी के बीच मनमुटाव की खबरें भी सामने आई थीं। दरअसल, ऐसी अटकलें लगी थीं कि हार्बर ने मिली ब्राउन को परेशान किया और उनके साथ बुरा बर्ताव किया। बाद में इन खबरों पर हार्बर ने कहा था, 'आप जिन लोगों के साथ 10 साल तक समय बिताते हैं परिवारों में भी तो ऐसा होता है।

## डेटिंग ऐप पर नजर आए जैकी भगनानी? सिचुएशनशिप' वाले बयान के बादस्क्रीनशॉट ने मचाई हलचल फैंस हुए हैरान

Jackky Bhagnani: एक्टर-प्रोड्यूसर जैकी भगनानी एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं, लेकिन इस बार वजह कुछ और है, जिसने सबको हैरान कर दिया है। जानिए क्या है पूरा मामला। सोशल मीडिया पर एक स्क्रीनशॉट वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लोग हैरान रह गए हैं। दावा किया जा रहा है कि शादीशुदा होने के बावजूद जैकी किसी डेटिंग ऐप पर मौजूद हैं। दरअसल, एक रेडिट यूजर ने एक यूट्यूबर के वीडियो का स्क्रीनशॉट शेयर किया, जिसमें कहा गया कि जैकी भगनानी का अकाउंट 'राया' नाम के एक एक्सक्लूसिव डेटिंग ऐप पर है। इस स्क्रीनशॉट में 'जैकी' नाम की प्रोफाइल दिख रही है, जिसके बायो में 'Actor/Peoducer' लिखा हुआ है। लोकेशन लंदन, यूनाइटेड किंगडम बताई गई है। हालांकि कई लोगों ने 'प्रोड्यूसर' की स्पेलिंग में गलती भी नोटिस की। फिलहाल यह साफ नहीं है कि यह प्रोफाइल असली है या नहीं, लेकिन 'राया' ऐप को लेकर चर्चा जरूर तेज हो गई है। आपको बता दें कि 'राया' कोई आम डेटिंग ऐप नहीं है। यह एक एक्सक्लूसिव, मेंबरशिप बेस्ड ऐप है, जिसे खास तौर पर सेलिब्रिटीज और हाई-प्रोफाइल लोगों के लिए जाना जाता है। इसमें जुड़ने के लिए पहले अप्लाई करना पड़ता है और फिर उसे रिव्यू के बाद ही मंजूरी मिलती है



## Farah Khan: 22 साल की शादी और तीन बच्चे फिर भी पति शिरीष कुंदर से नाराजगी फराह खान ने बताई चौंकाने वाली बात

Farah Khan Married Life: डायरेक्टर फराह खान और शिरीष कुंदर की शादी को 22 साल हो चुके हैं। एक बात को लेकर उन्हें पति से शिकायत है। जानिए, क्या वो दिक्कत?



फराह खान ने हाल ही में शेखर सुमन के टॉक शो में शिरकत की थी। इस दौरान करियर और फैमिली लाइफ को लेकर कई बातें साझा कीं। इसी दौरान पति शिरीष और अपने रिश्ते को लेकर भी बात की है। शेखर सुमन के टॉक शो में फराह खान ने कहा कि शादी के बाद रोमांस अक्सर कम हो जाता है। वह कहती हैं, 'जब आप डेटिंग कर रहे होते हैं, तो आप किसी चीज को बहुत शिद्दत से चाहते हैं। जब वह मिल जाती है तो उसकी अहमियत बदल जाती है। तो उसकी अहमियत बदल जाती है।



अब मैं शिरीष की अहमियत दूसरी चीजों में देखती हूं। एक पिता के तौर पर, एक ऐसे इंसान के तौर पर जो पूरे परिवार का ख्याल रखता है। मैं उनके बिना नहीं रह सकती। शिरीष के बिना हमारा घर नहीं चल सकता।' वह आगे कहती हैं, 'वह एक बेहतरीन पिता हैं। लोग मुझसे पूछते हैं कि मेरे सभी बच्चों को इतनी अच्छी यूनिवर्सिटीज़ में जल्दी एडमिशन कैसे मिल गया। तो मैं उन्हें बताती हूं कि उनके पिता ही उनके काउंसलर थे। वह हर बच्चे को बहुत समय देते हैं।'



फराह खान ने यह भी बताया कि शिरीष को अकेले रहना पसंद है। वह कहती हैं, 'बेशक वह स्क्रिप्ट लिखते हैं। वह AI भी सीख रहे हैं। वह अकेले रहना पसंद करते हैं। यह बात मुझे हमेशा से पता थी। यही एक वजह है कि वह मुझे पसंद आए। फराह खान आगे कहती हैं, 'मेरे बेटे और शिरीष की लंबाई अब एक जैसी है। अगर रात में कोई बेडरूम में आता है, तो मैं पहचान नहीं पाती कि वह शिरीष हैं या मेरा बेटा। अगर वह व्यक्ति आकर मुझे गले लगाता है, तब मुझे पता चलता है कि यह मेरा बेटा है (हंसते हुए)।' फराह ने शिरीष की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें एक बेहतरीन पिता बताया। उन्होंने कहा कि तीनों बच्चों की परवरिश में शिरीष ने हमेशा बराबर की जिम्मेदारी निभाई है और परिवार उनके लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

## गिलास-चम्मच से शानदार संगीत की धुनें तैयार कर दिया करते थे पंचम दा जयंती पर जानिए उनसे जुड़े दिलचस्प किस्से




RD Burman Birth Anniversary: अपने जमाने के दिग्गज संगीतकार आर.डी. बर्मन (राहुल देव बर्मन) की आज बर्थ एनिवर्सरी है। आर.डी. बर्मन को लोग प्यार से 'पंचम दा' कहकर पुकारा करते थे। उन्होंने भारतीय सिनेमा की दुनिया में संगीत को नया आयाम दिया। 60 से लेकर 90 के दशक तक उनके गीत खूब हिट हुए। आज भी लोग उनके गाने सुनना पसंद करते हैं। पंचम दा की जयंती पर जानते हैं उनके गानों से जुड़े कुछ रोचक किस्सेआर.डी. बर्मन का जन्म 27 जून 1939 को कोलकाता में हुआ था। उन्होंने हिंदी फिल्म जगत को नई संगीत धुनें और बेहतरीन गाने दिए। 300 से ज्यादा फिल्मों में संगीत देने वाले पंचम दा सिर्फ अपनी धुनों की वजह से याद नहीं किए जाते, बल्कि उनकी मेकिंग से जुड़े किस्से भीउतने ही दिलचस्प हैं। कभी मजाक में बोला गया शब्द सुपरहिट हो गया, तो कभी रोजमर्रा की चीजों से निकली आवाजें संगीत का हिस्सा बन गईं। जानिए स्टूडियो में रिकॉर्डिंग चल रही थी। आशा भोसले अपनी लाइनें गा रही थीं और आर.डी. बर्मन कंट्रोल रूम में बैठे हर चीज पर बारीकी से नजर रखे हुए थे। तभी उन्होंने मजाक-मजाक में माइक के सामने आकर कहा, 'मोनिका... ओ माय डार्लिंग'। किसी ने नहीं सोचा था कि यह छोटी सी लाइन गाने का सबसे यादगार हिस्सा बन जाएगी। बाद में लोगों ने पूरा गाना जितना नहीं गुनगुनाया, उतना 'मोनिका...' वाली लाइनों को दोहराया। पंचम दा ने साबित कर दिया कि कभी-कभी इतिहास एक ही शब्द से बन जाता है। आर.डी. बर्मन खुद को कभी महान गायक नहीं मानते थे, लेकिन 'शोले' के लिए बनी इस धुन में कुछ ऐसा था, जो किसी साफ-सुथरी आवाज में फिट नहीं बैठ रहा था। आखिरकार उन्होंने खुद गाने का फैसला किया। ऐसा लगा जैसे कोई रेगिस्तान में बैठा बंजारा प्रेम का गीत गा रहा हो।

## तमिल अभिनेता-निर्देशक के. भाग्यराज का दिल का दौर पड़ने से निधन 73 साल की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा

Tamil Director Actor K Bhagyaraj Passes Away: तमिल सिनेमा से दुखद खबर सामने आई है।जाने-माने निर्देशक और अभिनेता के. भाग्यराज का निधन हो गया। दिल का दौरा पड़ने से 73 साल की उम्र में उनकी मृत्यु हुई। इस खबर से तमिल सिनेमा में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। निर्देशक और अभिनेता के. भाग्यराज ने लगभग पांच दशक तक तमिल सिनेमा को अपना समय और जीवन समर्पित किया। अब यह कलाकार, निर्देशक हमारे बीच नहीं हैं। 73 वर्षीय के. भाग्यराज का दिल का दौरा पड़ने से निधन उनका निधन हो गया है। के. भाग्यराज तमिल सिनेमा के सबसे प्रतिभाशाली फिल्मकारों में गिने जाते थे। उन्होंने अपने लगभग पांच दशक लंबे करियर में अभिनेता, निर्देशक, लेखक और निर्माता के रूप में कई यादगार फिल्में दीं। अपनी सरल लेकिन प्रभावशाली कहानियों, दमदार पटकथा और पारिवारिक फिल्मों के लिए उन्हें 'स्क्रीनप्ले किंग' के नाम से भी जाना जाता था।



उनके निधन की खबर से फिल्म जगत और प्रशंसकों में शोक की लहर दौड़ गई है। कई फिल्मी हस्तियों और प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारतीय सिनेमा में उनके योगदान को याद किया। के. भाग्यराज के निधन से तमिल सिनेमा ने एक ऐसे रचनाकार को खो दिया है, जिनकी फिल्में और लेखन की छाप आने वाली पीढ़ियों तक बनी रहेगी। के. भाग्यराज तमिल सिनेमा के सबसे प्रतिभाशाली फिल्मकारों में गिने जाते थे। उन्होंने अपने लगभग पांच दशक लंबे करियर में अभिनेता, निर्देशक, लेखक और निर्माता के रूप में कई यादगार फिल्में दीं।



करीब पांच दशक लंबे फिल्मी सफर में भाग्यराज ने अभिनेता, लेखक और निर्देशक के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई। उनकी फिल्मों की खासियत सशक्त पटकथा, पारिवारिक विषय और आम लोगों से जुड़ी कहानियां रहीं। उन्होंने कई सफल फिल्मों का निर्देशन किया और अपने अभिनय से भी दर्शकों का दिल जीता। दक्षिण भारतीय सिनेमा में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। भाग्यराज के निधन पर तमिल फिल्म इंडस्ट्री की कई नामी हस्तियों ने शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने उनकी फिल्मों और यादगार किरदारों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। उनके परिवार की ओर से अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही हैं। भारतीय सिनेमा ने एक ऐसे रचनात्मक कलाकार को खो दिया है, जिसकी विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेगी।



## Exclusive: राजू ने ऐसी हरकत पहले कभी नहीं की अरशद वारसी ने सुनाए 'पेड्रो एंड प्रीतम' से जुड़े किस्से

Arshad Warsi Exclusive Interview: बॉलीवुड में जब भी कॉमेडी फिल्मों का नाम लिया जाता है तो कई दिग्गज कलाकारों के साथ अरशद वारसी का जिक्र भी होता है। जल्द ही वह साइबर क्राइम पर आधारित एक कॉमेडी सीरीज 'पेड्रो एंड प्रीतम' में नजर आएंगे। इस सीरीज में उनका रोल क्या है? सीरीज की शूटिंग पर जो मजेदार किस्से हुए, वह भी हाल ही में अमर उजाला से अरशद वारसी ने साझा किए हैं।



निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' जैसी सुपरहिट फिल्म का हिस्सा अरशद वारसी रहे हैं। इस फिल्म में निभाया उनका 'सर्किट' का रोल आज भी दर्शकों को याद है। एक बार फिर वह राजकुमार हिरानी के साथ काम कर रहे हैं। सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' में राजकुमार हिरानी के बेटे वीर हिरानी के साथ अरशद अभिनय करते नजर आएंगे। इस सीरीज, शूटिंग से जुड़े किस्से हाल ही में अरशद वारसी ने अमर उजाला डिजिटल से एक खास बातचीत के दौरान साझा किए हैं।

# होम लोन की ईएमआई से कट रही है जेब

## घर खरीदने से पहले इन छह गलतियों से बचें, वरना हो जाएगा लाखों का नुकसान




ईएमआई पर सपनों का घर खरीदने प्लान है? तो होम लोन लेते समय होने वाली इन आम गलतियों को जरूर जान लें, वरना लाखों का नुकसान हो सकता है। पूरी खबर पढ़ें!होम लोन एक लंबी अवधि की वित्तीय जिम्मेदारी है, और इस प्रक्रिया के दौरान की गई छोटी सी गलती भी समय के साथ लोन की कुल लागत को काफी बढ़ा सकती है। सपनों का घर खरीदने की जल्दबाजी या आधी-अधूरी जानकारी के कारण लोग अक्सर ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिनका खामियाजा उन्हें पूरी जिंदगी भारी ईएमआई और अतिरिक्त खर्च के रूप में चुकाना पड़ता है।

ज्यादातर लोग होम लोन लेते समय सिर्फ सबसे कम ब्याज दर देखकर बैंक चुन लेते हैं, लेकिन यह सही तरीका नहीं है। मान लीजिए, एक बैंक की ब्याज दर 0.25 प्रतिशत कम है, लेकिन अगर उसकी प्रोसेसिंग फीस 25,000 से 40,000 रुपये ज्यादा है, तो कम ब्याज का सारा फायदा खत्म हो जाता है। इसलिए, हमेशा 'कुल खर्च' की तुलना करें, जिसमें ब्याज, प्रोसेसिंग फीस, लीगल चार्ज और इंश्योरेंस प्रीमियम शामिल हों।लोन चुकाने की अवधि जितनी लंबी होगी, आपकी मासिक ईएमआई उतनी ही कम होगी, लेकिन कुल ब्याज का बोझ उतना ही बढ़ जाएगा। उदाहरण के लिए, 8.5% ब्याज पर 45 लाख रुपये के लोन की अवधि अगर 15 की जगह 20 साल कर दी जाए, तो ईएमआई लगभग 5,200 रुपये कम हो जाएगी, लेकिन आपको कुल ब्याज के रूप में लगभग 14 लाख रुपये अतिरिक्त चुकाने होंगे। होम लोन ईएमआई कैलकुलेटर का उपयोग करें और कोशिश करें कि ऐसी अवधि चुनें जो आपकी जेब पर भारी न पड़े और ब्याज भी बचाए।कई खरीदार पहले प्रॉपर्टी फाइनल कर लेते हैं और कीमत तय करने के बाद लोन के लिए आवेदन करते हैं। यदि बैंक से उम्मीद से कम लोन पास होता है, तो खरीदार पर आर्थिक दबाव बढ़ता है या डील रद्द भी हो सकती है। इसलिए, घर खोजना शुरू करने से पहले हाउसिंग लोन एलिजिबिलिटी कैलकुलेटर के जरिए जांच लें कि आपकी आय के आधार पर आपको कितना लोन मिल सकता है। बैंक प्रॉपर्टी की जांच सिर्फ अपने जोखिम (मालिकाना हक और निर्माण की गुणवत्ता) को कम करने के लिए करते हैं। कई खरीदार मानते हैं कि बैंक ने लोन दे दिया तो प्रॉपर्टी पूरी तरह सुरक्षित है, जो कि गलत है। कानूनी विवाद, मालिकाना हक का इतिहास या अनधिकृत निर्माण जैसी समस्याएं बाद में सामने आ सकती हैं। प्रॉपर्टी के टाइटल की स्वतंत्र कानूनी जांच करवाएं और निर्माणाधीन प्रोजेक्ट का रेरा रजिस्ट्रेशन जरूर चेक करें।घर खरीदते समय केवल डाउन पेमेंट ही इकलौता बड़ा खर्च नहीं होता। प्रॉपर्टी की कीमत का चार से आठ फीसदी हिस्सा स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन में चला जाता है, जिसका भुगतान नकद करना होता है। अगर आप 70 लाख रुपये का घर ले रहे हैं, तो सिर्फ स्टांप ड्यूटी ही 3.5 से 5.5 लाख रुपये तक हो सकती है।

# Stock Market: दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने से क्या बाजार के लिए बनेगा अनुकूल माहौल






भारतीय शेयर बाजारों में महीनों की निराशा के बाद बाजार अब अच्छा प्रदर्शन दिख सकता है, क्योंकि बेहतर होती वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां, उचित मूल्यांकन, विदेशी निवेशकों के शेयर बिक्री में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी की वजह से शेयर बाजार के लिए अनुकूल माहौल बन रहे हैं। पिछले कुछ महीने घरेलू शेयर बाजार के लिए चुनौतीपूर्ण रहे है, जहां जीडीपी और आय वृद्धि में मंदी, विदेशी पोर्टफोलिय निवेशक (एफपीआई)

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने अमर उजाला डॉटकॉम से बातचीत में बताया, "वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में तनाव का कम होना, कच्चे तेल की कीमतों में युद्ध से पहले के स्तर पर तेज गिरावट, होर्मुज स्ट्रेट में बेहतर होता आवागमन, अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में प्रगति के बीच भारत और अमेरिका के व्यापार समझौते को लेकर बढ़ती उम्मीद से घरेलू निवेशकों के सेंटिमेंट को बढ़ावा मिला है। हालांकि बढ़ते महंगाई के दबाव और ग्रामीण मांग में कमी के बीच मॉनसून की असमानता को लेकर चिंताएं कम नहीं हुई हैं।"




# Gold Price Outlook: सोना फिर चमका लेकिन अभी राहत नहीं; जानिए आगे क्या हो सकता है




**Gold Price Outlook:** सोने और चांदी की कीमतों में हालिया गिरावट और रिकवरी के पीछे की वजह जानिए। समझिए कि अमेरिकी फेड, डॉलर और वैश्विक घटनाक्रम आगे गोल्ड प्राइस को कैसे प्रभावित कर सकते हैं। पूरा माजरा क्या है, आइए समझते हैं।बाजार विशेषज्ञों की राय इससे अलग है। उनका कहना है कि फिलहाल सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। इसकी सबसे बड़ी वजह अमेरिकी ब्याज दरों को लेकर अनिश्चितता, मजबूत डॉलर और वैश्विक आर्थिक घटनाक्रम हैं।विशेषज्ञों के मुताबिक, पिछले सप्ताह सोना नवंबर 2025 के बाद अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया था। इसके पीछे कई वजहें रहीं।

शनिवार को सोने और चांदी की कीमतों में हल्की बढ़त दर्ज की गई। इसकी वजह अमेरिका के महंगाई के आंकड़े रहे। इन आंकड़ों के बाद बाजार में यह उम्मीद बनी कि फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना पहले की तुलना में कम हो सकती है। इसी उम्मीद ने सोने में खरीदारी को कुछ समर्थन दिया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार, इस साल दोनों कीमती धातुओं में जबरदस्त उतार-चढ़ाव देखने को मिला। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना करीब 1.33 लाख रुपये था, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.79 लाख रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद कीमतों में गिरावट आई और अब तक सोना लगभग 36 हजार रुपये सस्ता हो चुका है।चांदी की कीमत भी 2.30 लाख रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 3.86 लाख रुपये तक पहुंची थी। इसके बाद इसमें भी बड़ी गिरावट आई और अब तक यह करीब 1.69 लाख रुपये सस्ती हो चुकी है। एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर का कहना है कि फिलहाल कमोडिटी बाजार सतर्कता के दौर में है। निवेशकों की नजर अमेरिकी मौद्रिक नीति, डॉलर, ट्रेजरी यील्ड और वैश्विक भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर बनी हुई है। मजबूत डॉलर और ऊंची ट्रेजरी यील्ड की वजह से सोने जैसी बिना ब्याज वाली संपत्तियों का आकर्षण कम हुआ है।वहीं, कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी कमोडिटी रिसर्च कायनात चैनवाला का कहना है कि जब तक ब्याज दरों को लेकर स्पष्ट बदलाव नहीं दिखता, तब तक सोने और चांदी पर दबाव बना रह सकता है।पिछली फेड बैठक के बाद सोने में 5 प्रतिशत से ज्यादा और चांदी में 10 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट इसी का उदाहरण है।




# July 2026 New Rules: 1 जुलाई से बदलने वाले हैं जानिए आपकी जेब पर क्या होगा सीधा असर




1 जुलाई 2026 से आधार, ITR, क्रेडिट कार्ड और पासपोर्ट फीस से जुड़े 6 बड़े वित्तीय नियमों में बदलाव हो रहा है। जानिए इन बदलावों का आपकी जेब और निवेश पर क्या असर पड़ेगा, पूरी खबर पढ़ें!1 जुलाई 2026 से देश में कई महत्वपूर्ण वित्तीय बदलाव लागू होने जा रहे हैं। अगर आप टैक्सपेयर हैं, बैंक के ग्राहक हैं या क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, तो ये बदलाव सीधे आपकी वित्तीय दिनचर्या को प्रभावित करेंगे। इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) से लेकर आधार अपडेट और पासपोर्ट बनवाने तक, कुल छह बड़े नियमों में संशोधन होने जा रहा है।वित्तीय वर्ष 2025-26 (आकलन वर्ष 2026-27) के लिए ITR-1 और ITR-2 फॉर्म भरने की अंतिम तारीख 31 जुलाई, 2026 तय की गई है। अगर आप इस तय समय सीमा के भीतर अपना रिटर्न दाखिल नहीं करते हैं,

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आम जनता को एक बड़ी राहत दी है। 1 जुलाई 2026 से आधार मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए अपने रजिस्टर्ड ईमेल एड्रेस को अपडेट करना बिल्कुल मुफ्त होगा। इसके लिए पहले 75 रुपये का शुल्क देना पड़ता था, जिसे अब 6 महीने के लिए (यानी 31 दिसंबर, 2026 तक) अस्थायी रूप से माफ कर दिया गया है।क्रेडिट कार्ड यूजर्स को अब अपने खर्च के तरीकों पर ध्यान देना होगा। एसबीआई कार्ड ने एक जुलाई से अपने 'फोनपे एसबीआई क्रेडिट कार्ड्स' और सेलेक्ट ब्लैक के रिवॉर्ड पॉइंट प्रोग्राम में बदलाव किया है। इसके तहत रिवॉर्ड पॉइंट्स कमाने की नई लिमिट तय की गई है

# जहाजों की आवाजाही बढ़ी: रिपोर्ट में दावा

## होर्मुज में ट्रैफिक US-ईरान जंग से पहले के स्तर पर, अब हालात कैसे




अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त होने के बाद हॉर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही फिर से पटरी पर लौट रही है। शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, जहाजों का ट्रैफिक अब युद्ध से पहले के स्तर के 57 प्रतिशत तक पहुंच गया है। जो कि 78 जहाजों के बराबर है। एसएंडपी ग्लोबल की रिपोर्ट में बताया गया है कि ओमान और अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) ने ओमान के तट के पास एक नया सुरक्षित रास्ता (कॉरिडोर) घोषित किया है। इस फैसले के बाद से जहाजों की संख्या में काफी सुधार देखने को मिला है। जबकि दो वीएलसीसी खाड़ी के अंदर आए। इसके अलावा 12 प्रोडक्ट टैंकर भी हॉर्मुज स्ट्रेट से गुजरे। इनमें से आधे जहाज अंदर आ रहे थे और आधे बाहर जा रहे थे। ईरान से जुड़ा केवल एक बिटुमेन टैंकर विराज भी इस दौरान देखा गया।

दिन भर में हुए कुल ट्रैफिक का 40 प्रतिशत हिस्सा यानी 33 जहाज इसी नए सुरक्षित रास्ते से गुजरे। इनमें से 25 जहाज बाहर की ओर जा रहे थे। खास बात यह है कि आठ जहाज अपनी पहचान छिपाकर यानी 'डार्क' स्थिति में चलते हुए पाए गए। वहीं, कुछ अन्य जहाज ईरान की समुद्री सीमा के करीब से होकर निकले। रिपोर्ट के अनुसार, लड़ाई शुरू होने के बाद खाड़ी के अंदर फंसे हुए जहाज अब बाहर निकल रहे हैं। साथ ही कुछ नए जहाज भी अंदर आ रहे हैं। यह इस बात का संकेत है कि नेविगेशन की आजादी फिर से बहाल हो रही है और हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं।आवाजाही करने वाले जहाजों में 22 तेल और केमिकल टैंकर, 21 बल्क कैरियर, 12 कार्गो जहाज, सात कंटेनर जहाज, चार एलपीजी टैंकर और दो एलएनजी टैंकर शामिल थे।

# Diamond Jewellery: महिलाओं, मिलेनियल्स और जेन जी के बीच हीरों के आभूषण की मांग





भारत में नेचुरल डायमंड यानी प्राकृतिक हीरो के आभूषणों का बाजार में मजबूत वृद्धि हो रही है और भारत अमेरिका के बाद विश्व का दूसरा सबसे बड़ा हीरा आभूषण का बाजार बन गया है।भारत में नेचुरल डायमंड यानी प्राकृतिक हीरो के आभूषणों का बाजार में मजबूत वृद्धि हो रही है और भारत अमेरिका के बाद विश्व का दूसरा सबसे बड़ा हीरा आभूषण का बाजार बन गया है। भारत में हीरा आभूषण की मांग सालाना आधार पर 12 प्रतिशत देखने को मिल रही है, जो कि 2019 में 10 प्रतिशत थी। हीरो के आभूषणों की मांग विशेषकर महिलाओं और युवा वर्ग में देखी जा रही है। अनुमान है कि यह बाजार 2030 तक 12 प्रतिशत की मजबूत सीएजीआर से बढ़कर 1,520 बिलियन रुपये तक पहुंच जाएगा। डीबीयर्स इंडिया डायमंड की एक रिपोर्ट बताती है कि, यह युवा वर्ग हीरों को व्यक्तित्व, प्रमाणिकता और भावनात्मक रूप से देखता हैं और उपभोक्ता प्रति हीरा औसतन 198,000 रुपये खर्च करते हैं। रिपोर्ट का अनुमान है कि यह बाजार 2030 तक 12 प्रतिशत की मजबूत सीएजीआर से बढ़कर 1,520 बिलियन रुपये तक पहुंच जाएगा।हाल ही में कई ब्रांडेड आभूषण विक्रेताओं ने अपनी अक्षय तृतिया की बिक्री में हीरों के आभूषणों की कैटेगरी में अच्छी वृद्धि देखी।

डी बीयर्स इंडिया की कंट्री हेड कैटेगरी मार्केटिंग तोरंज मेहता ने अमर उजाला डॉटकॉम से बातचीत में बताया, पिछले कुछ वर्षों में भारतीय बाजारों में हीरों के आभूषणों की मांग बढ़ी है, और भारत ने अमेरिका, चीन और जापान जैसे देशों को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक हीरे के आभूषणों की मांग 12 प्रतिशत का योगदान दे रहा है।उनका कहना है कि भारतीय महिलाओं में नेचुरल डायमंड के आभूषण की मांग बढ़ी है। 100 महिलाओं में 15 प्रतिशत हीरे के आभूषणों की खरीदारी करती हैं। जबकि अमेरिका में 100 में 70 प्रतिशत लोग हीरों के आभूषण की खरीदारी करते हैं। हमारा मानना है, पिछले कुछ वर्षों में भारत में हीरों के प्रति आकर्षण बढ़ा है। जिसमें महिलाओं के साथ युवा उपभोक्ताओं और इनमें भी मिलेनियल्स और जेन जेड अब भारत के नेचुरल हीरा बाजार मूल्य का 86 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं।हम इन्हीं संभावनाओं को देखते हुए भारतीय बाजार में फोकस कर रहे हैं। जिसके लिए हमने बड़े ब्रांड के साथ करार कर भारत में हीरे के आभूषणों की बिक्री को बढ़ावा दिया है। दूसरा हम जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के साथ मिलकर भारतीय बाजार में छोटे ज्वेलर्स तक पहुंच बना रहे है। जिसमें उनका हीरे के आभूषणों की बिक्री बढ़ाने के साथ ही हीरे के आभूषणों को बनाने, नई तनकनीकों से जोड़ने का काम कर रहे हैं।

# Aaj Ka Rashifal

## मेष, कन्या और मकर राशि वालों की चमकेगी किस्मत, रुके हुए काम होंगे पूरे, पढ़ें दैनिक राशिफल

28 जून 2026 का दिन कई राशियों के लिए नई शुरुआत और बदलावों का संकेत लेकर आ रहा है। आज कुछ राशि के जातकों को करियर, धन और प्रेम संबंधों में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं, वहीं कुछ लोगों को स्वास्थ्य या पारिवारिक मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत पड़ सकती है। जानिए 28 जून 2026 का आज का राशिफल, और देखें कि ग्रहों की चाल आज आपकी राशि के लिए क्या लेकर आई है।आचार्य मानस शर्मा से जानें चंद्र राशि आधारित मेष से मीन तक सभी राशियों का 28 जून 2026 का दैनिक राशिफल और ग्रह गोचर का प्रभाव।



### मेष

आज आपका मन एक चौराहे पर खड़ा दिखाई दे सकता है। किसी महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर दुविधा बनी रह सकती है, इसलिए जल्दबाजी में उठाया गया कदम बाद में परेशानी का कारण बन सकता है। आपकी स्वच्छंद प्रवृत्ति आज आपको आकर्षित तो करेगी, लेकिन संयम ही सफलता की असली कुंजी रहेगा। लंबे समय से धन की कमी के कारण रुका हुआ कोई कार्य अचानक गति पकड़ सकता है। खास बात यह है कि जिस काम में आप पूरे समर्पण और एकाग्रता के साथ जुटेंगे, उसमें सफलता आपके कदम चूम सकती है। बस अपने मन को भटकने से रोकिए और लक्ष्य पर निगाह बनाए रखिए।

### वृषभ

आज का दिन मुस्कुराहटों और अपनों के साथ बिताए खूबसूरत पलों का संदेश लेकर आया है। परिवार के साथ बैठकर पुरानी समस्याओं का हल निकालने का अवसर मिलेगा और घर का माहौल पहले से अधिक सुखद महसूस होगा। भविष्य की योजनाओं को लेकर किसी करीबी व्यक्ति से सार्थक चर्चा हो सकती है। यदि किसी साझेदारी की शुरुआत करने का विचार है, तो हर पहलू को अच्छी तरह परख लेना समझदारी होगी। अविवाहित लोगों के जीवन में कोई दिलचस्प मुलाकात नई उम्मीदें जगा सकती है। वहीं रोजगार की तलाश में लगे लोगों को कोई उत्साहजनक समाचार मिलने की संभावना है।

### मिथुन

आज का दिन आपको सावधानी और संतुलन का संदेश दे रहा है। वाहन चलाते समय विशेष सतर्कता बरतें, क्योंकि छोटी-सी लापरवाही अतिरिक्त खर्च का कारण बन सकती है। परिवार या मित्रों के साथ कहीं घूमने-फिरने की योजना दिन को आनंदमय बना सकती है। विद्यार्थियों को किसी प्रतियोगिता या खेल गतिविधि में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। मन अपनी पसंद की चीजों पर खर्च करने के लिए प्रेरित करेगा, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखना भी आवश्यक रहेगा। साथ ही अपनी वाणी पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि एक कठोर शब्द भी रिश्तों में दूरी पैदा कर सकता है।

### कर्क

आज पिताजी के साथ किसी विषय पर विचारों का मतभेद हो सकता है, लेकिन उनकी सलाह आपके लिए भविष्य में लाभदायक साबित हो सकती है। घर में किसी नए कार्य या बदलाव की योजना बन सकती है, जिसके लिए आर्थिक व्यवस्था पर भी विचार होगा। स्वास्थ्य को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही न करें, क्योंकि छोटी समस्या भी बड़ा रूप ले सकती है। निजी जीवन की बातें हर किसी के साथ साझा करने से बचें। आज जितना कम बोलेंगे और जितना अधिक समझेंगे, उतना ही लाभ में रहेंगे।

### सिंह

आज आपका मन आध्यात्मिक ऊर्जा से भर सकता है। पूजा-पाठ, धार्मिक कार्य या किसी पवित्र आयोजन में शामिल होकर आपको भीतर से शांति और संतोष का अनुभव होगा। परिवार के किसी सदस्य की बात दिल को छू सकती है, लेकिन प्रतिक्रिया देने से पहले धैर्य रखना आवश्यक होगा। व्यापार में कुछ चुनौतियां चिंता बढ़ा सकती हैं, फिर भी आज आपकी निर्णय क्षमता मजबूत रहेगी। सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि के संकेत भी दिखाई दे रहे हैं, जिससे आत्मविश्वास और बढ़ेगा।

### कन्या

विद्यार्थियों के लिए आज का दिन नए अवसरों के द्वार खोल सकता है। सीखने, प्रशिक्षण लेने या किसी नई जगह अनुभव प्राप्त करने का मौका मिल सकता है। पुरानी गलतियों से मिली सीख आज आपके लिए सफलता का आधार बनेगी। जीवनसाथी को करियर में कोई शुभ समाचार मिल सकता है, जिससे पूरे परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। निवेश के क्षेत्र में समझदारी से उठाया गया कदम भविष्य को मजबूत बना सकता है। भाई-बहनों के साथ किसी बात पर मतभेद हो सकता है, लेकिन धैर्य और प्रेम से स्थिति संभल जाएगी।

### तुला

आज कुछ खास लोगों से मुलाकात आपके भविष्य की दिशा बदल सकती है। यात्रा के योग भी बन रहे हैं और यह यात्रा लाभदायक साबित हो सकती है। विदेश से जुड़े व्यापार या कार्यों में सकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है। आज हर काम को योजनाबद्ध तरीके से करने की आवश्यकता है। यदि जिम्मेदारियां दूसरों पर छोड़ दीं, तो निराशा हाथ लग सकती है। स्वास्थ्य को लेकर भी सतर्क रहें और खान-पान में लापरवाही न करें।

### वृश्चिक

आज का दिन सामान्य होते हुए भी कई महत्वपूर्ण संकेत दे सकता है। किसी बड़े निर्णय में आपकी समझदारी ही आपको सही दिशा दिखाएगी। रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और नए विचार आपके मन में जन्म लेंगे। भागदौड़ अधिक रहने से थकान महसूस हो सकती है। संतान के किसी निर्णय से मन थोड़ा खिन्न हो सकता है, लेकिन धैर्य और संवाद से स्थिति सुधर जाएगी। सरकारी कार्यों में लंबे समय से चली आ रही रुकावट दूर होने के संकेत हैं।

### धनु

आज का दिन आपको अपनी पुरानी गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपकी राह में बाधाएं खड़ी करने का प्रयास कर सकते हैं, इसलिए सतर्क रहना जरूरी होगा। किसी भी अनजान व्यक्ति पर तुरंत भरोसा करने से बचें। दूर रहने वाले किसी रिश्तेदार से मिली खबर मन को थोड़ा उदास कर सकती है। हालांकि घर में धार्मिक या मांगलिक आयोजन की योजना बनने से वातावरण सकारात्मक और आनंदमय बना रहेगा।

### मकर

आज आपकी मेहनत और समर्पण आपको दूसरों से अलग पहचान दिला सकते हैं। जीवनसाथी की ओर से मिला कोई सरप्राइज आपके दिन को खास बना सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभावित करेगा और भविष्य में इसका लाभ भी मिल सकता है। नया वाहन खरीदने का विचार मन में उत्साह भर सकता है। परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर लापरवाही न बरतें, समय पर ध्यान देना आवश्यक होगा।

### कुंभ

आज खर्चों की रफ्तार आपकी अपेक्षा से थोड़ी तेज रह सकती है, इसलिए बजट पर विशेष ध्यान देना होगा। नया घर या संपत्ति खरीदने का विचार मन में चल सकता है, लेकिन कोई भी फैसला अपनी आर्थिक स्थिति को देखकर ही लें। परिवार की समस्याओं को बातचीत और समझदारी से सुलझाने का प्रयास सफल रहेगा। यदि मन किसी चिंता से घिरा है, तो पिताजी का मार्गदर्शन आपके लिए बहुत उपयोगी साबित हो सकता है। संतान भी अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में अच्छा प्रदर्शन करेगी।

### मीन

आज हर कदम सोच-समझकर उठाने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में जल्दबाजी से किया गया काम गलती का कारण बन सकता है। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें, क्योंकि आपकी कोई बात वरिष्ठ अधिकारियों को पसंद न आए। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा और कहीं घूमने-फिरने की योजना भी बन सकती है। व्यापार से जुड़े लोगों को मनचाहा लाभ मिलने की संभावना है। यात्रा या किसी मुलाकात के दौरान मिली एक महत्वपूर्ण जानकारी भविष्य में आपके लिए बड़ा अवसर बन सकती है।

# Aaj Ka Love Rashifal

## कर्क और मीन राशि वालों के रिश्ते में आएगी मिठास, मिल सकता है बड़ा सरप्राइज




साल का यह दिन प्रेम के मामले में सभी राशियों के लिए अलग-अलग रंग लेकर आ रहा है। ग्रहों की चाल आज दिलों की दुनिया पर खास असर डाल रही है, जिससे कुछ लोगों के जीवन में रोमांस की नई कहानी शुरू हो सकती है, तो कुछ रिश्तों में पहले से चली आ रही नजदीकियां और गहरी हो सकती हैं। हालांकि हर किसी के लिए यह दिन आसान नहीं रहेगा, कुछ राशियों को आज अपनी भावनाओं पर काबू रखने और साथी के साथ धैर्य से पेश आने की जरूरत भी पड़ सकती है। छोटी-छोटी गलतफहमियां भी आज रिश्तों में खटास ला सकती हैं, इसलिए संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। आइए जानते हैं मेष से मीन राशि तक, आज यानी 28 जून 2026 को आपके प्रेम जीवन में किस तरह के अनुभव और बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

## इन 5 राशियों के लिए शुरू होगा गोल्डन पीरियड



हिंदू धर्म में पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व माना गया है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान करने से पुण्यकारी लाभ मिलने की मान्यता है, और हर महीने आने वाली पूर्णिमा अपने आप में खास होती है। इस बार ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा 29 जून 2026 को मनाई जाएगी, और इसी दिन वट सावित्री व्रत भी रखा जाएगा। ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन चंद्रमा अपने पूर्ण आकार में होता है, और इसी तिथि से आषाढ़ माह की शुरुआत भी हो जाती है। इस दिन माता लक्ष्मी और चंद्रमा की पूजा का विशेष विधान बताया गया है। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार इस बार की ज्येष्ठ पूर्णिमा कुछ राशियों के लिए बेहद शुभ और लाभकारी साबित हो सकती है। इनमें मेष, मिथुन, तुला, धनु और कुंभ राशि के जातक शामिल हैं। आइए जानते हैं इन राशियों के लिए यह दिन क्या खास लेकर आएगा।

## दशांक योग के शुभ संयोग से शुरू होगा जुलाई का महीना




Dashank Yog: जून का महीना अब समाप्त होने को है और जुलाई 2026 की शुरुआत ज्योतिष की दृष्टि से बेहद खास मानी जा रही है। शास्त्रों के अनुसार 1 जुलाई 2026 की शाम करीब 6 बजकर 51 मिनट से सूर्य और अरुण ग्रह एक-दूसरे से 36 डिग्री की स्थिति में आ जाएंगे, जिससे दशांक योग का निर्माण होगा। मान्यता है कि यह एक बहुत ही लाभकारी योग होता है, जिसके प्रभाव से जीवन में खुशियां आती हैं और सेहत के साथ-साथ आर्थिक स्थिति में भी सुधार देखने को मिलता है। इस बार दशांक योग का शुभ असर खासतौर पर कर्क, तुला, वृश्चिक, धनु और कुंभ राशि के लोगों पर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। आइए जानते हैं इन राशियों के लिए जुलाई का महीना कैसा रहने वाला है। कर्क राशि वालों के लिए दशांक योग का यह समय परिवार और घर से जुड़ी खुशियां लेकर आ सकता है। घर में मौजूद बड़ी उम्र के सदस्य इस दौरान बीमारियों की चपेट में आने से कुछ समय के लिए बचे रह सकते हैं, जिससे पूरे परिवार की चिंता कम होगी और मन को शांति मिलेगी। इसके साथ ही बच्चों के साथ बिताया गया समय भी खास और यादगार बन सकता है, चाहे वह कोई पारिवारिक यात्रा हो या घर में कोई छोटा-सा उत्सव। आर्थिक मोर्चे पर भी राहत के संकेत हैं, क्योंकि पैसों की तंगी इस दौरान आपकी खुशियों के बीच रुकावट नहीं बनेगी।

तुला राशि के लोगों के लिए यह दौर कई मायनों में सुखद साबित हो सकता है। जो लोग अभी अविवाहित हैं और किसी रिश्ते में हैं, उनके लिए यह समय उस रिश्ते को आगे ले जाने और कमिटमेंट की ओर बढ़ने का हो सकता है। घर का वातावरण भी पहले की तुलना में ज्यादा खुशनुमा और तनावमुक्त रहने की उम्मीद है। परिवार के सभी सदस्यों के बीच आपसी समझ बेहतर होगी। घर के बड़े-बुजुर्गों की सेहत को लेकर भी अच्छी खबर है, वे इस दौरान स्वस्थ और संतुष्ट महसूस करेंगे। इसके अलावा जो लोग नौकरी या किसी पेशे में सक्रिय हैं, उनके लिए करियर में तेजी से तरक्की के योग बन रहे हैं। वृश्चिक राशि वालों के लिए यह समय आर्थिक समझदारी दिखाने का है। अगर आप फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखते हैं, तो आगे चलकर एक अच्छी बचत जमा करने में सफल हो सकते हैं। परिवार में यदि किसी बात को लेकर पुराना मतभेद या लड़ाई-झगड़ा चल रहा था, उसे सुलझाने और रिश्तों में फिर से मधुरता लाने का अच्छा मौका मिल सकता है। इसके अलावा जिन लोगों की शादी अभी तय नहीं हुई है, उनके लिए किसी करीबी रिश्तेदार के परिवार से अच्छा प्रस्ताव आने की संभावना है। धनु राशि के लोगों के लिए यह समय लंबे समय से अटके हुए कामों को पूरा करने का अवसर लेकर आ सकता है। अगर कोई महत्वपूर्ण काम पहले बार-बार टलता रहा था, तो उसमें सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। इससे आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर भी ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि पैसों की कमी इस दौरान आपको परेशान नहीं करेगी। रिश्तों के मामले में भी एक ताजगी और नयापन देखने को मिल सकता है।

# Women's T20 WC: भारत के लिए मुश्किल है सेमीफाइनल की राह? सिर्फ ऑस्ट्रेलिया को हराना काफी नहीं जानें समीकरण



भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश पर जीत के साथ सेमीफाइनल की उम्मीदें जिंदा रखी हैं। भारत का सामना अब महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया से होगा। आगे बढ़ने के लिए भारतीय टीम को हर हाल में इस मैच में जीत दर्ज करनी होगी। भारतीय महिला टीम का सफर टी20 विश्व कप में उतार-चढ़ाव भरा रहा है। भारत ने पहले दो मुकाबलों में जीत दर्ज की थी, लेकिन उसे तीसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा जिसने सेमीफाइनल के समीकरण बिगाड़ दिए। भारतीय टीम ने हालांकि, बांग्लादेश के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज कर अपना नेट रन मजबूत रखा है और वह फिलहाल दक्षिण अफ्रीका से आगे ही चल रही है।



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने महिला टी20 विश्व कप के अपने तीसरे मैच में बांग्लादेश को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बरकरार रखी। भारत ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के साथ कड़ी टक्कर में है। भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों ने चार मैचों के बाद छह-छह अंक हासिल किए हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया आठ अंकों के साथ शीर्ष पर है। भारत का नेट रन रेट (+2.268) दक्षिण अफ्रीका (+0.734) से काफी बेहतर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया (+4.724) इसमें भी बढ़त बनाए हुए है। यदि भारत, दक्षिण अफ्रीका का अपने-अपने अंतिम मैच में समान परिणाम होता है, तो भारत रन रेट के आधार पर ऑस्ट्रेलिया के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। अगर दक्षिण अफ्रीका बांग्लादेश से हार जाए और भारत ऑस्ट्रेलिया को हरा दे। तब भी भारत ही आगे बढ़ेगा। अगर ऑस्ट्रेलिया भारत को और दक्षिण अफ्रीका बांग्लादेश को हरा दे, भारत तीसरे स्थान पर रह जाएगा और उसका सफर ग्रुप चरण में ही थम जाएगा।



## IND vs IRE: आयरलैंड की भारत पर पहली टी20 अंतरराष्ट्रीय जीत श्रेयस अय्यर की कप्तानी का हुआ निराशाजनक आगाज

IND vs IRE T20 Highlights 2026:आयरलैंड ने भारत को 34 रनों से हरा दिया। शुक्रवार को बेलफास्ट में खेले गए पहले मुकाबले में आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 182 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया 18.5 ओवर में सिर्फ 148 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ आयरलैंड ने दो टी20 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी का आगाज उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा। दो मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के पहले मुकाबले में आयरलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को 34 रन से हराकर इतिहास रच दिया। टी20 विश्व चैंपियन भारत के खिलाफ किसी भी प्रारूप में यह आयरलैंड की पहली जीत है। इस जीत के साथ मेजबान टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त भी हासिल कर ली। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने शुरुआती ओवरों में मुकाबले पर मजबूत पकड़ बनाई, लेकिन कप्तान लॉर्कन टकर और गैरेथ डेलानी की शानदार पारियों ने आयरलैंड को वापसी कराई। मेजबान टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 182 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।जवाब में भारतीय टीम 18.5 ओवर में 148 रन पर सिमट गई।




पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड ने आक्रामक शुरुआत की, लेकिन भारतीय तेज गेंदबाजों ने जल्द ही मेजबान टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह ने शुरुआती झटके देते हुए आयरलैंड का स्कोर 32 रन पर तीन विकेट कर दिया। इसके बाद कप्तान लॉर्कन टकर और गैरेथ डेलानी ने पारी को संभाला। दोनों ने अहम साझेदारी करते हुए भारतीय गेंदबाजों पर दबाव कम किया। टकर ने 36 गेंदों में 50 रन की कप्तानी पारी खेली, जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल रहे।

## ENG vs NZ: बेन स्टोक्स ने रचा इतिहास टेस्ट में हासिल किया बड़ा मुकाम न्यूजीलैंड की पारी 438 रन पर सिमटी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में चार विकेट लेकर टेस्ट क्रिकेट में 250 विकेट पूरे किए और बड़ा इतिहास रच दिया। उनकी शानदार गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड की पहली पारी 438 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक टेस्ट मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने टेस्ट करियर का एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया। स्टोक्स ने चार विकेट झटकते हुए टेस्ट क्रिकेट में 250 विकेट पूरे किए। इसके साथ ही उन्होंने एक खास रिकॉर्ड भी अपने नाम दर्ज कर लिया। ट्रेंट ब्रिज में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन स्टोक्स ने 21 ओवर में 70 रन देकर चार विकेट लिए। शुक्रवार सुबह उन्होंने महज आठ ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट चटकाए और न्यूजीलैंड की मजबूत होती पारी को बिखेर दिया।न्यूजीलैंड ने पहले दिन 361/4 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया था, लेकिन इंग्लैंड के गेंदबाजों ने शानदार वापसी करते हुए पूरी टीम को 438 रन पर समेट दिया। एक समय टीम का स्कोर 361/2 था, लेकिन इसके बाद उसने अपने आखिरी आठ विकेट सिर्फ 77 रन जोड़कर गंवा दिए। स्टोक्स ने मिचेल सेंटनर को आउट कर अपने टेस्ट करियर का 250वां विकेट हासिल किया। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में 7000 से अधिक रन और 250 विकेट लेने वाले दुनिया के सिर्फ दूसरे खिलाड़ी बन गए। इस उपलब्धि तक उनसे पहले केवल दक्षिण अफ्रीका के महान ऑलराउंडर जैक्स कैलिस ही पहुंचे थे।



स्टोक्स की यह शानदार वापसी इसलिए भी खास रही क्योंकि उन्हें दूसरे टेस्ट से अनुशासनहीनता के चलते बाहर कर दिया गया था।

## महिला टी20 विश्व कप 2026: श्रीलंका ने स्कॉटलैंड को तीन विकेट से हराया आखिरी ओवर में दर्ज की रोमांचक जीत



महिला टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप-दो के मुकाबले में श्रीलंका ने स्कॉटलैंड को तीन विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी उम्मीदें बरकरार रखीं। 152 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने 19.5 ओवर में 154/7 रन बनाए और महिला टी20 विश्व कप के एक संस्करण में पहली बार तीन मैच जीतने का रिकॉर्ड भी बनाया। महिला टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप-दो के मुकाबले में श्रीलंका ने स्कॉटलैंड को आखिरी ओवर तक चले रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से हरा दिया। 152 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने 19.5 ओवर में 154/7 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। जीत के साथ श्रीलंका ने टूर्नामेंट में अपनी उम्मीदें बरकरार रखीं और महिला टी20 विश्व कप के एक संस्करण में पहली बार तीन मुकाबले जीतने का इतिहास भी रच दिया। मैच में निलाक्षिका सिल्वा ने 21 गेंदों में 21 रन की अहम पारी खेली और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में 151/6 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। शुरुआत संभलकर करने के बाद कप्तान कैथरीन ब्राइस और डार्सी कार्टर ने पारी को आगे बढ़ाया। कार्टर के आउट होने के बाद सारा ब्राइस ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 33 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए और अंतिम गेंद पर चौका लगाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। श्रीलंका की ओर से कविशा दिलहारी, मिथाली अयोध्या और सुगंदिका कुमारी ने अहम विकेट हासिल किए। 152 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका को कप्तान चामरी अट्टापट्टू ने तेज शुरुआत दिलाई।


## JKCA: जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जाविद अहमद किताब निलंबित जानिए एपेक्स काउंसिल के फैसले की वजह



जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जाविद अहमद किताब को एपेक्स काउंसिल द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जानिए क्या है पूरा मामला। जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। एसोसिएशन की एपेक्स काउंसिल द्वारा सर्वसम्मति से पारित किए गए एक प्रस्ताव के बाद जेकेसीए के अध्यक्ष जाविद अहमद किताब को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। 25 जून को अंतिम रूप दिए गए इस फैसले को अपेक्स काउंसिल में स्पष्ट 8-0 के बहुमत से पास किया गया। क्रिकेट संस्था द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, इस प्रस्ताव को जेकेसीए के संविधान के नियम 23(i) के तहत अपेक्स काउंसिल के पात्र सदस्यों के बीच घुमाया (सर्कुलेट किया) गया था। चूंकि यह पूरा मामला खुद अध्यक्ष के आचरण और उनके निलंबन से जुड़ा हुआ था, इसलिए इस प्रस्ताव को जाविद अहमद किताब के पास नहीं भेजा गया।

# शिवम दुबे की कहानी: ओवरवेट होने के कारण छोड़ा था क्रिकेट फिर ऐसी की वापसी और बन गए दो बार के विश्व चैंपियन

भारतीय क्रिकेट के स्टार ऑलराउंडर शिवम दुबे की कहानी संघर्ष, धैर्य और वापसी की मिसाल है। आर्थिक तंगी और बढ़ते वजन के कारण उन्हें किशोरावस्था में क्रिकेट छोड़ना पड़ा था, लेकिन पांच साल बाद उन्होंने शानदार वापसी की। आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए दमदार प्रदर्शन और भारतीय टीम में लगातार प्रभावशाली खेल की बदौलत वह दो टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम का अहम हिस्सा बने।



भारतीय क्रिकेट टीम के विस्फोटक ऑलराउंडर शिवम दुबे आज उन खिलाड़ियों में गिने जाते हैं, जिन पर टीम मुश्किल परिस्थितियों में भरोसा करती है। बड़े-बड़े छक्के लगाने की उनकी क्षमता और जरूरत पड़ने पर उपयोगी गेंदबाजी ने उन्हें सीमित ओवरों की टीम का अहम सदस्य बना दिया है। लेकिन यहां तक पहुंचने का उनका सफर बिल्कुल आसान नहीं रहा। 26 जून 1993 को मुंबई में जन्मे शिवम दुबे का परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के भदोही का रहने वाला है।

बचपन से ही क्रिकेट के प्रति उनका जुनून था और उन्होंने कम उम्र में ही इस खेल को अपना लक्ष्य बना लिया था। हालांकि, 14 साल की उम्र में उनकी जिंदगी ने ऐसा मोड़ लिया, जिसने उनके क्रिकेट करियर पर लगभग विराम लगा दिया। आर्थिक तंगी के कारण नियमित प्रशिक्षण और फिटनेस पर ध्यान देना मुश्किल हो गया। धीरे-धीरे उनका वजन काफी बढ़ गया और उन्हें क्रिकेट छोड़ना पड़ा। कई खिलाड़ियों के लिए ऐसी स्थिति करियर का अंत साबित होती है, लेकिन शिवम ने हार मानने के बजाय वापसी की तैयारी शुरू कर दी। करीब पांच साल तक क्रिकेट से दूर रहने के बाद शिवम दुबे ने जब वापसी की तो उनका लक्ष्य सिर्फ टीम में जगह बनाना नहीं, बल्कि खुद को साबित करना था। उन्होंने कड़ी मेहनत कर फिटनेस हासिल की और मुंबई की अंडर-23 टीम में जगह बनाई।



इसके बाद उनका करियर तेजी से आगे बढ़ा। जनवरी 2016 में उन्होंने मुंबई के लिए टी20 क्रिकेट में डेब्यू किया। 2017 में प्रथम श्रेणी और लिस्ट-ए क्रिकेट में भी डेब्यू किया। घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन ने उन्हें भारतीय क्रिकेट के सबसे भरोसेमंद उभरते ऑलराउंडरों में शामिल कर दिया। शिवम दुबे को आईपीएल 2019 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मौका दिया, लेकिन उनके करियर में असली बदलाव 2022 में आया, जब वह चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़े। महेंद्र सिंह धोनी की टीम में उन्हें अपनी भूमिका स्पष्ट मिली। मध्यक्रम में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने मैच फिनिश करने की कला विकसित की। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद शिवम दुबे को भारतीय टीम में लगातार मौके मिलने लगे।

**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।**

**आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।**

**– सम्पादक**

**R.N.I. No.**
**UPHIN/25/A4228**
**स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक**
**निर्भय कुमार सेंगर**
**के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,**
**बी-9, गायत्री भवन,**
**विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,**
**रामघाट रोड, अलीगढ़**
**(उ.प्र.) से प्रकाशित।**
**मो. 9454428661**
**प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर**
**(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)**
**Email:planetnewsindia776@gmail.com**

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













